उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

संख्या :: **700/05/E-4/DR(AE)/2021-22** दिनाँक :: 30 जून, 2023

विज्ञप्ति/शुद्धि पत्र

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा–2021

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्याः **A-2/E-4/A.E./2021-22** दिनांक 01 सितम्बर, 2021 द्वारा विज्ञापित **'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा–2021'** के रिक्त पदों के सापेक्ष लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा का आयोजन दिनांक **13, 14, 16, 17 एवं 18 अगस्त, 2023** को हरिद्वार, रूडकी, हल्द्वानी, देहरादून एवं ऋषिकेश नगरों में निर्धारित है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र दिनांक 29 जुलाई, 2023 से आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रश्नगत परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 01 सितम्बर, 2021 में अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा में नॉन–प्रोग्रामेबल सरल बैटरी चालित कैलकुलेटर का प्रयोग प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देशों की शर्त के अधीन अनुमन्य किये जाने का उल्लेख किया गया है। मा0 आयोग द्वारा सहायक अभियंता लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा में अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का कैलकुलेटर अनुमन्य न किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के अतिरिक्त विज्ञापन की अन्य समस्त शर्तें यथावत रहेगी। परीक्षा कार्यक्रम आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** पर उपलब्ध है।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।